# संस्कृति और संस्कार बनाते हैं हमें पर्यावरण संरक्षक : प्रो. सुदेश

गोहाना, 7 फरवरी (अरोड़ा) : बी. पी. एस. महिला विश्वविद्यालय स्थित माडू सिंह मैमोरियल आयुर्वैदिक कॉलेज की बी.ए. एम. एस. द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा पर्यावरण मित्र समूह का गठन किया गया है।



रोपे पौधे को सींचते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)

औषधीय पौधारोपण की शुरूआत मालकांगनी का पौधा रोपते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश ने की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार हमें पर्यावरण संरक्षक बनाते हैं। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। पेड़ हमारी दिनचर्या का हिस्सा हैं। हम सबको पेड़ लगाने चाहिएं और उनका संरक्षण करना चाहिए।

वी.सी. ने छात्राओं से आह्वान किया कि विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफैसर डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि सहारनपुर से 275 औषधीय पेड़ मंगवाए गए हैं।

छात्राओं ने पौधे लगाने से पेड़ बनने तक का जिम्मा उठाते हुए इस कार्य को शुरू किया है। इस अवसर पर डॉ. वीणा, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. अमित आदि मौजूद रहे।

# डॉ. शिवालिक यादव महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नियुक्त



डॉ. शिवालिक यादव का अभिनंदन करते हुए डॉ. विजयपाल नैन। (अरोड़ा)

गोहाना, 7 फरवरी (अरोड़ा) : गुरुग्राम स्थित द्रोणाचार्य गवर्नमैंट कॉलेज के साइकोलॉजी के प्रोफैसर डॉ. शिवालिक यादव गांव खानपुर कलां स्थित बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के नए रजिस्ट्रार नियुक्त किए गए हैं। महिला विश्वविद्यालय में यह पद पूर्ववर्ती रजिस्ट्रार डॉ. नीलम मलिक का कार्यकाल पूरा होने के बाद से रिक्त था।

डॉ. शिवालिक यादव की रजिस्ट्रार के पद पर नई नियुक्ति गुरुवार को प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने की। शुक्रवार को डॉ. शिवालिक यादव महिला विश्वविद्यालय में पहुंचे तथा उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया।

पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन ने बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में नए रजिस्ट्रार डॉ. शिवालिक यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

# बी.पी.एस. में 3 दिवसीय लोक कला उत्सव का शुभारंभ



*लोक कला उत्सव में प्रतिभागी टीमों के कलाकार।* *(अरोड़ा)*

गोहाना, 7 फरवरी (अरोड़ा) : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय और धर्मपुत्र कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के कला विकास योजना के अंतर्गत प्रायोजित और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से 3 दिवसीय लोक कला उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया।

लोक कला उत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए प्रो. सुदेश ने कहा कि यह भूमि अमर शहीद भगत फूल सिंह की है। बेटियों के लिए उन्होंने जो सपना देखा था, वह अब पूरा हो रहा है। बेटियों की जिस शिक्षा और अधिकारों की कल्पना उन्होंने की थी, आज साक्षात है।

उन्होंने छात्राओं को कहा कि अधिकारों के साथ अपने कर्त्तव्य का भी निर्वहन करें। बेटियों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है, उन्हें अपना हर रोल बेहतरीन निभाना चाहिए।

वी.सी. ने कहा कि देश के विभिन्न प्रांतों की टीमों का महिला विश्वविद्यालय में होना लघु भारत का चित्रण कर रहा है। कार्यक्रम में आए कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जो प्रस्तुति हो, वह लाजवाब हो। प्रो. सुदेश ने सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्कृति एक्सचेंज का भी अवसर है।

उद्घाटन अवसर पर प्रस्तुति में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की टीम ने समां बांधा। उत्तर प्रदेश की टीम द्वारा प्रस्तुत रासलीला कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच संचालन डॉ. श्रीलेखा चौबे ने किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो. श्वेता हुडा, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृत्तिका दहिया, डॉ. सरला, डॉ. मोनिका तथा धर्मपुत्र कला मंच के अध्यक्ष मनोज जाले भी मौजूद रहे।

# छात्राओं ने बनाया पर्यावरण मित्र समूह, 275 औषधीय पौधे लगाए

भास्कर न्यूज | गोहाना

खानपुर कलां गांव में स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने पर्यावरण मित्र समूह बनाया है। छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। औषधीय पौधारोपण की शुरुआत कुलपति प्रो. सुदेश ने मालकांगनी का पौधा लगाकर की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार हमें पर्यावरण संरक्षक बनाते हैं। पेड़ हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। सभी को पेड़ लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कुलपति ने छात्राओं से विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाने में योगदान देने का संदेश दिया। आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि छात्राओं ने 275 औषधीय पौधे लगाए हैं। छात्राओं ने पौधे लगाने से लेकर पेड़ बनने तक की देखभाल करने का संकल्प लिया।

# डॉ. शिवालिक यादव बने बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के नए रजिस्ट्रार



**गोहाना** | खानपुर कलां गांव में स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के डॉ. शिवालिक यादव ने मंगलवार को रजिस्ट्रार का पदभार संभाल लिया। डॉ शिवालिक यादव गुरुग्राम के द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रोफेसर थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए वह पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कुलपति प्रो. सुदेश, निवर्तमान कुलसचिव डॉ. श्वेता सिंह, वित्त अधिकारी रविदत्त, कुलपति के निजी सचिव बिनेश शर्मा, सहायक कुलसचिव महिपाल मलिक, राजेश नरवाल, प्रदीप ढुल और कुलदीप सिंह उपस्थित रहे।

# कला उत्सव में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा




**गोहाना** | खानपुर कलां गांव में स्थित बीपीएस महिला विवि में शुक्रवार को धर्मपुत्र कला मंच व छात्र कल्याण अधिष्ठाता के संयुक्त तत्वाधान में लोक कला उत्सव मनाया गया। लोक कला उत्सव संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के कला विकास योजना के अंतर्गत उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला व हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि की कुलपति प्रो सुदेश ने किया। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न प्रांतों की टीमों का महिला विवि में होना लघु भारत का चित्रण कर रहा है। कार्यक्रम में आए कलाकारों द्वारा अपने अपने प्रदेश की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जो प्रस्तुति की जा रही है वो लाजवाब हो। विवि में आयोजित किया जा रहा कार्यक्रम संपूर्ण देश की संस्कृति का दर्शन एक साथ करना है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। इस अवसर पर धर्म पुत्र कला मंच के अध्यक्ष मनोज जाले, फुरकान खान, नागेंद्र शर्मा, कुलसचिव प्रो श्वेता हुड्डा, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृत्तिका दहिया, डॉ. सुमन दलाल, डॉ. मोनिका, दीपक, हिमांशु, सुनील आदि उपस्थित थे।

# महिला विवि के लोक कला उत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति से झूमा सदन

■ भगत फूल सिंह ने बेटियों के लिए जो सपना देखा था वह आज पूरा हो रहा है : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना



गोहाना। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां व धर्मपुत्र कला मंच के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के कला विकास योजना के अंतर्गत प्रायोजित व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से 3 दिवसीय लोक कला उत्सव कार्यक्रम का शुक्रवार को आगाज हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि यह भूमि अमर बलिदानी भगत फूल सिंह की है। जो बेटियों के लिए उन्होंने सपना देखा था वह आज पूरा हो रहा है। आज उनकी आत्मा बहुत खुश होगी। बेटियों की जिस शिक्षा व अधिकारों की कल्पना उन्होंने की थी आज साक्षात है। उन्होंने छात्राओं को कहा कि वे अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करें। कुलपति ने कहा कि देश के विभिन्न प्रांतो की टीमों का महिला विवि में होना लघु भारत का चित्रण कर रहा है। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की टीमों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खूब समां बांधा। कलाकारों की प्रस्तुति से दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. श्रीलेखा चौबे ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. श्वेता हुड्डा, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया, डॉ. सरला व अन्य मौजूद रहे।

# डॉ. यादव ने कुलसचिव का कार्यभार संभाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के कुलसचिव पद का कार्यभार शुक्रवार को डॉ. शिवालिक यादव ने संभाल लिया। उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार की गई है। अपनी नियुक्ति को लेकर डॉ. शिवालिक ने प्रदेश सरकार के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार जताया।

महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विश्वविद्यालय को विकास की राह पर और आगे बढ़ाने के लिए कुलसचिव की भूमिका बहुत खास होती है। नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. यादव का अनुभव विवि के विकास में निश्चित ही अहम रहेगा। डॉ. शिवालिक यादव ने कहा कि वे विवि को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निष्ठापूर्वक काम करेंगे। उनके पदभारग ग्रहण समारोह में निवर्तमान कुलसचिव डॉ. श्वेता सिंह समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में मदवि, रोहतक के निदेशक जनसंपर्क सुनीत मुखर्जी ने डॉ. शिवालिक यादव का परिचय करवाया। इस अवसर पर विवि के वित्त अधिकारी रविदत्त, कुलपति के निजी सचिव बिनेश शर्मा, सहायक कुलसचिव महिपाल मलिक, राजेश नरवाल, प्रदीप ढुल, कुलदीप सिंह, मदवि पीआरओ पंकज व अन्य मौजूद रहे।



गोहाना। नवनियुक्त कुलसचिव को पदभार ग्रहण करते निवर्तमान कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह व अन्य।

फोटो : हरिभूमि



गोहाना। औषधीय पौधारोपण करते कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

# धरती पर पेड़ों से ही जीवन संभव : कुलपति प्रो. सुदेश

- महिला विवि के आयुर्वेदिक महाविद्यालय में पर्यावरण मित्र समूह का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान के बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा एक पर्यावरण मित्र समूह का गठन किया गया है। छात्राओं ने कि विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा रखना है। औषधीय पौधारोपण की शुरुआत विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कुलपति ने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार हमें पर्यावरण संरक्षक बनाते हैं। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। धरती पर पेड़ों से ही जीवन संभव है। पेड़ हमारी दिनचर्या का हिस्सा हैं। हम सब को पेड़ लगाने चाहिएं और उनका संरक्षण करना चाहिए। कुलपति ने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि विवि परिसर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि इन छात्राओं द्वारा 275 औधीय पौधे मंगवाए गए हैं। पौधे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से मंगलवाए गए हैं। छात्राओं ने पौधे लगाने से पेड़ बनने तक की जिम्मेवारी उठाते इस कार्य को शुरू किया है। डॉ. भार्गव के अनुसार मालकांगनी का पौधा मिर्गी, पार्किंसन एवं नाड़ी संस्थान के रोगों में उपयोगी होता है। सभी औषधीय पौधे किसी न किसी बीमारी के निदान में उपयोगी हैं। आयुर्वेद संस्थान की प्राचार्य डॉ. वीणा, डॉ. हिमांशु व डॉ. अमित मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय में पर्यावरण मित्र समूह गठित

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय स्थित माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक कालेज की बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा पर्यावरण मित्र समूह का गठन किया गया। औषधीय पौधारोपण की शुरुआत मालकांगनी का पौधा रोपते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार हमें पर्यावरण संरक्षक बनाते है। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। पेड़ हमारी दिनचर्या का हिस्सा है। हम सब को पेड़ लगाने चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए। कुलपति ने छात्राओं से आह्वान किया कि विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में भूमिका निभाएं। आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डा. नरेश भार्गव ने बताया कि सहारनपुर से 275 औषधीय पौधे मंगवाए गए है। छात्राओं ने पौधे लगाने से पेड़ बनने तक का जिम्मा उठाने का प्रण लिया।

# लोक कला उत्सव में जम्मू के डोगरी और हिमाचल के नाटी नृत्य से मोहा मन

- हरियाणा से फाग, महाराष्ट्र से लावणी नृत्य की दी प्रस्तुति
- कुलपति ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया
- उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने रासलीला का प्रदर्शन किया



विश्वविद्यालय में कलाकार प्रस्तुति देते हुए • जागरण

जागरण संवाददाता, गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय लोक कला उत्सव का आगाज हुआ। विश्वविद्यालय और धर्मपुत्र कला मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में छह प्रदेशों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जम्मू से डोगरी, हिमाचल से नाटी, पंजाब से जिंदुआ, हरियाणा से फाग, महाराष्ट्र से लावणी और उत्तर प्रदेश के रास नृत्य की प्रस्तुतियों से कलाकारों ने सभी का मन मोहा।


संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की कला विकास योजना के तहत प्रायोजित कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला का सहयोग रहेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा कि यह भूमि अमर बलिदानी भगत फूल सिंह की है। बेटियों के लिए उन्होंने जो सपना देखा था, वह अब पूरा हो रहा है। बेटियों की जिस शिक्षा और अधिकारों की कल्पना उन्होंने की थी, आज साक्षात है। उन्होंने छात्राओं को कहा कि अधिकारों के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करें। कुलपति ने कहा कि देश के विभिन प्रांतों की टीमों का महिला विश्वविद्यालय में होना लघु भारत का चित्रण कर रहा है। उत्तर प्रदेश की टीम द्वारा प्रस्तुत रासलीला कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन डा. श्रीलेखा चौबे ने किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो. श्वेता हुडा, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. कृत्तिका दहिया, डा. सरला, डा. मोनिका, धर्मपुत्र कला मंच के अध्यक्ष मनोज जाले मौजूद रहे।



विश्वविद्यालय में हरियाणा के कलाकार प्रस्तुति देते हुए • जागरण




कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की टीम रासलीला की प्रस्तुति देते हुए। सौ. विश्वविद्यालय



नवनियुक्त कुलसचिव को पदभार ग्रहण करवाते हुए निवर्तमान कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह व अन्य।

# डॉ. शिवालिक यादव ने बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद का कार्यभार संभाला

गोहाना, 7 फरवरी (रामनिवास धीमान): गोहाना के गांव खानपुर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद का कार्यभार डॉ. शिवालिक यादव ने संभाल लिया। हरियाणा के राज्यपाल एवं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार डॉ. शिवालिक यादव की बतौर रजिस्ट्रार नियुक्ति हुई है। द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय, गुरुग्राम के मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ. शिवालिक यादव ने आज रजिस्ट्रार पद का कार्यभार संभालते हुए उन्होंने कहा कि वह बीपीएसएमवी के चहुंमुखी विकास में अपना पूरा योगदान देंगे और दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए इस विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने डॉ. शिवालिक यादव को बधाई सन्देश देते हुए कहा कि डॉ. यादव का 21 वर्षों से ज्यादा का शैक्षणिक अनुभव विवि के विकास में निश्चित ही अहम रहेगा।

# विवि परिसर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं : कुलपति

गोहाना, 7 फरवरी (रामनिवास धीमान): गोहाना के गांव खानपुर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय स्थित माड़ू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान के बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा रखने के लिए एक पर्यावरण मित्र समूह का गठन किया है। जिसमें महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.सुदेश ने औषधीय पौधा रोपण की शुरूआत मालकांगनी का पौधा रोपते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार हमें पर्यावरण संरक्षक बनाते है। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। कुलपति ने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि विवि परिसर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि इन छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से 275 औषधीय पेड़ मंगवाएं है। छात्राओं ने पौधे लगाने से पेड़ बनने तक का जिम्मा उठाते हुए इस कार्य को शुरू किया है।

The First Update's Post

The First Update
2 days ago

The First Update-
खानपुर कलां, 7 फरवरी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (खानपुर कलां) के रजिस्ट्रार पद का कार्यभार आज डॉ. शिवालिक यादव ने संभाल लिया।
हरियाणा के राज्यपाल एवं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार डॉ. शिवालिक यादव की बतौर रजिस्ट्रार नियुक्ति हुई है। द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय, गुरुग्राम के मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ. शिवालिक यादव ने आज रजिस्ट्रार पद का कार्यभार संभालते हुए माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा हरियाणा सरकार का नियुक्ति पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह बीपीएसएमवी के चहुंमुखी विकास में अपना पूरा योगदान देंगे। हरियाणा सरकार द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए इस विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा।
महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने डॉ शिवालिक यादव को बधाई सन्देश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को विकास की राह पर और आगे बढ़ाने के लिए कुलसचिव की भूमिका बहुत खास होती है। और डॉ यादव का अनुभव विवि के विकास में निश्चित ही अहम् रहेगा।
आज डॉ. शिवालिक यादव के पदभार ग्रहण के दौरान निवर्तमान कुलसचिव डॉ. श्वेता सिंह समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित विश्वविद्यालय कर्मियों ने डॉ. यादव को पूरा सहयोग का आश्वासन दिया।
इस अवसर पर मदवि, रोहतक के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने डॉ. शिवालिक यादव का विस्तृत परिचय करवाया। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव का 21 वर्षों से ज्यादा का शैक्षणिक अनुभव है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में डॉ. यादव की प्रतिभागिता रही है।
डॉ. शिवालिक यादव के पदभार ग्रहण समारोह में जहां महिला विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी रविदत्त , कुलपति के निजी सचिव बिनेश शर्मा , सहायक कुलसचिव महिपाल मलिक , राजेश नरवाल , प्रदीप ढुल , कुलदीप सिंह शामिल हुए वहीं एमडीयू पीआरओ पंकज नैन, डॉ. दीपक लठवाल, डॉ. जयपाल धनखड़, डॉ. अजय जून, डॉ. जितेंद्र समेत विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण भी मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन :- महिला विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव को पदभार ग्रहण करते निवर्तमान कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह व अन्य।
#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India



## The First Update's Post

The First Update
2 days ago

The First Update-

खानपुर कलां -7 फरवरी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान के बी ए एम एस द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा एक पर्यावरण मित्र समूह का गठन किया गया है। छात्राओं ने कि विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा रखना है।


औषधीय पौधा रोपण की शुरुआत मालकांगनी का पौधा रोपते हुए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार हमे पर्यावरण संरक्षक बनाते है। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। पेड़ हमारी दिनचर्या का हिस्सा है। हम सब को पेड़ लगाने चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए। कुलपति ने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि विवि परिसर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नरेश भार्गव ने बताया कि इन छात्राओं द्वारा 275 औधीय पेड़ मंगवाए गए है। जिनको उन्होंने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से मंगवाया है। छात्राओं ने पौधे लगाने से पेड़ बनने तक का जिम्मा उठाते हुए इस कार्य को शुरू किया है। डॉ भार्गव के अनुसार मालकांगनी का पौधा मिर्गी , पार्किसन एवं नाड़ी संस्थान के रोगों में उपयोगी होता है। उन्होंने बताया कि ये सभी पेड़ किसी न किसी बीमारी के निदान में उपयोगी हैं।

इस अवसर पर आयुर्वेद संस्थान की प्राचार्य डॉ वीणा , डॉ हिमांशु शर्मा व डॉ अमित भी मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन :-06 & 07 . औधीय पौधा रोपण करते महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश।

#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India





Google Translated into: English Show original Options ▼

# All India Media Association

**(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)**

English

Powered by Google Translate (https://translate.google.com)



Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
07/02/2025 04:03 PM

## Trees are a part of our daily routine - Prof Sudesh

An environment friendly group has been formed by the second year BAMS students of Madu Singh Memorial Ayurveda Institute located at Bhagat Phool Singh Women's University Khanpur Kalan. The students have said that the university campus has to be kept green.

While planting a Malkangni plant, Vice Chancellor of Women's University Prof. Sudesh said that our culture and values make us environmental protectors. Trees have great importance in our lives. Trees are a part of our daily routine. We all should plant trees and protect them. The Vice Chancellor appealed to the students to play their role in making the university campus plastic free and clean.

Associate Professor of Ayurveda Institute Dr. Naresh Bhargava said that 275 medicinal trees have been ordered by these students. Which they have ordered from Saharanpur, Uttar Pradesh. The students have started this work by taking the responsibility of planting the saplings till they become trees. According to Dr. Bhargava, the Malkangni plant is useful in diseases like epilepsy, Parkinson and nervous system. He told that all these trees are useful in the treatment of some disease or the other.

On this occasion, Principal of Ayurveda Institute Dr. Veena, Dr. Himanshu Sharma and Dr. Amit were also present.
Photo Caption:- 06 & 07. Vice Chancellor of Women's University Prof. Sudesh planting medicinal plant.

Google Translated into: English Show original

# All India Media Association
## (Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

Powered by Google Translate (https://translate.google.com)

English



Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
07/02/2025 03:30 PM

### Dr. Shivalik Yadav becomes the new Registrar of Women's University

Khanpur Kalan, 7 February. Dr. Shivalik Yadav assumed the charge of the post of Registrar of Bhagat Phool Singh Women's University (Khanpur Kalan) today. Dr. Shivalik Yadav
has been appointed as Registrar as per the orders of Haryana Governor and Chancellor of Bhagat Phool Singh Women's University Bandaru Dattatreya. Dr. Shivalik Yadav, Professor of Psychology, Dronacharya Government College, Gurugram, while assuming the charge of the post of Registrar today, expressed his gratitude to the Honorable Governor, Chief Minister, Education Minister and Haryana Government for his appointment. He said that he will give his full contribution in the all-round development of BPSMV. Efforts will be made to take this university to new heights by faithfully discharging the responsibility given by the Haryana Government. Vice Chancellor of Women's University, Prof. Sudesh, while congratulating Dr. Shivalik Yadav, said that the role of the Registrar is very special to take the university further on the path of development. And Dr. Yadav's experience will definitely be important in the development of the university.
Today, during the taking over of Dr. Shivalik Yadav, outgoing Registrar Dr. Shweta Singh and other university officials were present. The university employees present assured Dr. Yadav of full cooperation.
On this occasion, Director Public Relations, MDU, Rohtak, Sunil Mukherjee gave a detailed introduction of Dr. Shivalik Yadav. He said that Dr. Yadav has more than 21 years of teaching experience. Dr. Yadav has participated in national and international seminars.
While Finance Officer of Women's University Ravi Dutt, Vice Chancellor's Private Secretary Binesh Sharma, Assistant Registrar Mahipal Malik, Rajesh Narwal, Pradeep Dhul, Kuldeep Singh attended the taking over ceremony of Dr. Shivalik Yadav, MDU PRO Pankaj Nain, Dr. Deepak Lathwal, Dr. Jaipal Dhankhar, Dr. Ajay June, Dr. Jitendra and professors of various colleges were also present. Photo Caption: Outgoing Registrar Prof. Shweta Singh and others taking over the charge of the newly appointed Registrar of Women's University.

7

978 views

(loginmember.aspx) (https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?type=Share&nid=381395)

More News

## The First Update's Post

**The First Update**
2 days ago

The First Update-
खानपुर कलां -7 फरवरी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां व धर्मपुत्र कला मंच के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के कला विकास योजना के अंतर्गत प्रायोजित व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से तीन दिवसीय लोक कला उत्सव कार्यक्रम का आज आगाज हो गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो सुदेश ने शिरकत की।

अपने संबोधन की शुरुआत भगत फूल सिंह को नमन से करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि यह भूमि अमर बलिदानी भगत फूल सिंह की है। जो बेटियों के लिए उन्होंने सपना देखा था वो आज पूरा हो रहा है। आज उनकी आत्मा बहुत खुश होगी। बेटियों की जिस शिक्षा व अधिकारों की कल्पना उन्होंने की थी आज साक्षात है। उन्होंने छात्राओं को कहा कि अधिकारों के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करें। एक बेटी की बहुत अधिक जिम्मेदारी होती है ,उन्हें अपना हर रोल बेहतरीन निभाना चाहिए।

कुलपति ने कहा कि देश के विभिन प्रांतो की टीमों का महिला विवि में होना लघु भारत का चित्रण कर रहा है। कार्यक्रम में आए कलाकारों द्वारा अपने अपने प्रदेश की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जो प्रस्तुति की जा रही है वो लाजवाब हो। कुलपति ने सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्कृति एक्सचेंज का भी अवसर है।

उद्घाटन अवसर पर प्रस्तुति में जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश , पंजाब , हरियाणा , महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की टीम ने समा बांधा। उत्तर प्रदेश की टीम द्वारा प्रस्तुत रासलीला कार्यक्रम ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ श्रीलेखा चौबे ने किया।
इस अवसर पर कुलसचिव प्रो श्वेता हुडा, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ कृत्तिका दहिया , डॉ सरला , डॉ मोनिका तथा धर्मपुत्र कला मंच के अध्यक्ष मनोज जाले भी मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन :- 01. दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कुलपति प्रो सुदेश कुलसचिव प्रो श्वेता हुडा व अन्य अधिकारी।
02-04 अपनी प्रस्तुति देते कलाकार
05. कुलपति प्रो सुदेश को स्मृति चिन्ह भेंट करते धर्मपुत्र कला मंच के अध्यक्ष मनोज जाले।
#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India

